प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 21.12.2025 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड हाईकोर्ट का बड़ा फ़ैसला, अब अस्पताल में मरीज़ों को खून के बदले डोनर की आवश्यकता नहीं, आदेश का उल्लंघन पर कर सकते हैं शिकायत।
2. केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा–विकसित भारत जी राम जी विधेयक किसानों और श्रमिकों के लिए लाभकारी , इससे गांवों का होगा विकास ।
3. स्वास्थ्य मंत्री इरफ़ान अंसारी ने चाईबासा में थैले में मृत बच्चे के शव को जाने की घटना पर लिया संज्ञान, सभी जिलों में 4–4 मोक्ष वाहन ख़रीदने का निर्देश।
4. केन्द्र सरकार ने वाट्सअप यूजर्स को किया अलर्ट, हैकर्स की घोस्ट पेयरिंग साइबर कैंपेन को लेकर जारी की चेतावनी, संदिग्ध लिंक से बचने की सलाह।
5. और 69वीं राष्ट्रीय स्कूली फुटबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन लीग मैचों में बालिका खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन,झारखंड के खिलाड़ियों का दबदबा बरकरार।

*******************

झारखंड हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला लिया है। कोर्ट के फ़ैसले के अनुसार अब कोई भी अस्पताल मरीज़ों से खून के बदले खून नहीं मांग सकता है। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि जरूरतमंद मरीज को उपलब्ध रक्त देना अस्पताल और संबंधित ब्लड बैंक की जिम्मेदारी है। किसी भी परिस्थिति में मरीज या उसके परिजनों पर डोनर लाने का दबाव बनाना कानूनन गलत होगा, यदि कोई अस्पताल या ब्लड बैंक इस आदेश का उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ शिकायत की जा सकती है।

*******************

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विकसित भारत जी राम जी विधेयक किसानों और श्रमिकों के लिए लाभकारी है। नई दिल्ली में चौधरी चरण सिंह पुरस्कार समारोह में उन्होंने कहा कि इससे गांवों का विकास होगा।

*******************

नीति आयोग के गढ़वा जिला प्रभारी जितेन्द्र श्रीवास्तव अपने दो दिवसीय दौरा पर गढ़वा पहुंचे। उन्होंने भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने गढ़वा प्रवास के क्रम में उन्होंने स्थानीय अधिकारियों के साथ बैठक में केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने धरातल पर जाकर भी योजनाओं का निरीक्षण किया।

*******************

स्वास्थ्य मंत्री इरफ़ान अंसारी ने चाईबासा में मृत बच्चे को उसके पिता द्वारा थैले में रखकर गांव ले जाने की घटना पर संज्ञान लिया है। स्वास्थ्य मंत्री ने सभी जिलों में 4–4 मोक्ष वाहन ख़रीदने का निर्देश दिया है। ताकि किसी भी मरीज़ की इलाज के दौरान मौत होने पर शव को निःशुल्क घर तक पहुंचाया जा सके।

*******************

केंद्रीय जांच ब्यूरो– सीबीआई ने सेना के एक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल दीपक कुमार शर्मा और एक अन्य व्यक्ति विनोद कुमार को गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने बताया कि दिल्ली स्थित सेना अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल दीपक कुमार शर्मा के घर पर तलाशी के दौरान तीन लाख रुपये की रिश्वत राशि के साथ दो करोड़ रुपये से अधिक की नकदी भी जब्त की गई। जांच एजेंसी ने दोनों आरोपियों को कल अदालत में पेश किया जहां उन्हें 23 दिसंबर तक पुलिस रिमांड में भेज दिया गया।

*******************

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने एक चेतावनी जारी करते हुए बताया है कि घोस्टपेयरिंग नाम के एक साइबर कैंपेन का इस्तेमाल व्हाट्सऐप अकाउंट को हैक करने के लिए किया जा रहा है। मंत्रालय के अनुसार, साइबर अपराधी बिना किसी सत्यापन के पेयरिंग कोड का इस्तेमाल करके व्हाट्सऐप के डिवाइस–लिंकिंग फीचर के जरिए अकाउंट को हैक कर रहे हैं। यह धोखाधड़ी आमतौर पर तब शुरू होती है जब आपको किसी जानकार नंबर से फोटो भेजा जाता है और इसे देखने की अपील का मैसेज आता है। मंत्रालय ने लोगों से संदिग्ध लिंक पर क्लिक नहीं करने के साथ–साथ बाहरी साइटों पर कभी भी अपना फोन नंबर दर्ज नहीं करने की सलाह दी है।

********************

देवघर जिले में पुलिस ने 6 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है । इस संबंध में साइबर डीएसपी राजा कुमार मित्रा ने बताया पालोजोरी थानांतर्गत तुरी पहाड़ी में साइबर थाने की विशेष टीम ने छापेमारी की। ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने समेत कस्टमर केयर अधिकारी बनकर ये अपराधी ठगी करते थे

********************

रामगढ़ जिले के भुरकुंडा थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े हथियारबंद लुटेरों ने जेवर दुकान में बड़ी लूट की घटना को अंजाम दिया। ग्राहक बनकर पांच लुटेरों ने करीब 20 से 25 लाख रुपये मूल्य के जेवरात तथा लगभग ढाई लाख रुपये नगद लूट लिए। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर फरार अपराधियों की तलाश कर रही है।

********************

चतरा जिले में भारी वाहनों के परिचालन से होने वाली सड़क दुर्घटना और मौत पर रोकथाम के लिए अब कोल वाहनों में स्पीड गवर्नर लगाना अनिवार्य कर दिया गया है।

********************

झारखण्ड राज्य संयुक्त असैनिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा–2023 के माध्यम से चयनित पदाधिकारियों को कल झारखंड विधानसभा का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया । प्रभारी सचिव रंजीत कुमार ने इन्हें झारखंड विधानसभा के कार्य संचालन ,सभा एवं समिति के विभिन्न प्रक्रियाओं के संबंध में जानकारी दी।

********************

धनबाद जिले के टुंडी में विद्या विकास समिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 36वां प्रांतीय खेलकूद के समापन समारोह में राज्यपाल संतोष गंगवार शामिल हुए। उन्होंने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। राज्यपाल ने बच्चों को मोबाइल से दूरी और खेलकूद के प्रति रुचि बढ़ाने की सलाह दी।

********************

बुंडू के सोनाहातू में झारखंड आंदोलन के प्रणेता स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया गया। इसके साथ ही तीन दिवसीय गूंज महोत्सव का समापन हो गया। इस अवसर पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, गूंज संरक्षक सुदेश कुमार महतो शामिल हुए। महोत्सव में पहलगाम आतंकी हमले में शहीद मनीष मिश्रा के माता पिता को सम्मानित किया गया। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो का योगदान पीढ़ियों को प्रेरित करेगा।

********************

69वीं राष्ट्रीय स्कूली फुटबॉल प्रतियोगिता, एसजीएफआई के तीसरे दिन लीग मैचों में बालिका खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा। प्रतियोगिता के अंतर्गत कुल 8 पूल में शामिल राज्यों की टीमें लीग मैचों में किए गए गोल के आधार पर 16 टीम प्री क्वार्टर फाइनल के नॉकआउट चरण में प्रवेश के लिए कड़ा संघर्ष कर रही हैं। तीसरे दिन के मुकाबले स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बीआईटी मेसरा फुटबॉल मैदान, नवोदय विद्यालय फुटबॉल मैदान, कांके मैदान एवं खेल गांव स्थित मैदान में अभ्यास आयोजित किए गए। अंडर–17 बालिका वर्ग में कल खेले

गए मुकाबलों में आईपीएससी और नागालैंड के बीच मैच ड्रॉ रहा। केवीएस ने उत्तराखंड को 5 0 से पराजित किया। झारखंड ने पंजाब को 1–0 से हराया ।

********************

मौसम विभाग ने राज्य के देवघर, पलामू समेत कई जिलों में शीतलहर और कोहरे को लेकर ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है । घने कोहरे के कारण रेल और विमान सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं।

********************

और अब अखबारों की सुर्खियां

- रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने अलग–अलग खबरों को अपनी सुर्खी बनाई है।
- प्रभात खबर लिखता है–अलर्ट जारी, झारखंड शीतलहर की चपेट में, कोहरे का भी प्रकोप।
- हिन्दुस्तान के शब्द हैं–विश्वकप टीम में झारखंड के ईशान की वापसी, गिल बाहर।
- दैनिक भास्कर ने लिखा है–बीएसएफ कांस्टेबल के लिए पूर्व अग्निवीर को अब 50 फीसदी आरक्षण।
- दैनिक जागरण की सुर्खी है–सभी औद्योगिक इकाइयों का जून 2026 तक उद्योग विभाग में पंजीयन अनिवार्य।

*******************